companies manufacturing and exporting automobile spring? as original equipment; and

(b) what are the details of the recent agreement reporter to have bc:en signed by the Indian Spring manufacturers wit$_n$ the German companies for the export of automobile springs as original equipment?

THE MINISTER OF COMMERCE AND TOURISM (SHRi ARUN KUMAR NEHRU): (a) Engineering Export Promotion Council has indicated that the expected value of export of automobile springs during 1989-90 would be Rs. 5 crores and that M/s. Janma Auto Industries Ltd., New Delhi alone have claimed to manufacture and export automobile springs as original equipment.

(b) M/s. JAI Group of Industries (Jamna Auto Industries Ltd.) New Delhi have signed an agreement on 25th January, 1990, with M/s. Saar-Federn GmbH, West Germany *to* work together in the area of production and distribution of leaf, parabolic and coil springs for Motor Vehicle Industries. The main customers of M/s. Saar-Federn GmbH in FRG are Daimler Benz AG, BMW, FORD and in France RVI. RENAULT, PEUGEOT, etc.

समान सिविल संहिता

2146. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या विधि और न्याय मंत्री 28 दिसंबर, 1989 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 420 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार समस्त भारतीय नागरिकों के लिए एक समान सामान्य सिविल संहिता की वांछनीयता पर विचार करने तथा इस संबंध में अल्पसंख्यक समुदाय के विचार जानने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है, ; और

(ख) क्या सरकार इस प्रक्रिया को किसी निश्चित समय तक पूरा करने का विचार रखती है ?

उर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान): (क) और (ख) सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता के लिए विभिन्न समुदायों की स्वीय विधियों में संशोधन करना होगा । सरकार की नीति यह है कि अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्वयं पहल किए जाने पर ऐसी कार्रवाई की जाए। अल्पसंख्यक समुदायों के कुछ व्यक्तियों और संगमों से प्राप्त सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, उन समुदायों की सर्वसम्मति अभिनिश्चित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

देश में उद्योगों की स्थापना के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ करार

2147. **श्री राम नरेश यादव:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले 3 वर्षों के दौरान देश में उद्योग स्थापित करने के लिए विदेशी संस्थाओं को आमंत्रित करने हेतु उनके साथ करारों पर हस्ताक्षर किये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के कितने करारों पर हस्ताक्षर किए गये हैं और इन करारों के आधार पर देश में प्रत्येक वर्ष कितनी विदेशी पूंजी का निवेश हुआ है ; और

(ग) आगामी वर्ष इस दिशा में क्या गतिविधियां होने का अनुमान है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) ये प्रश्न ही नहीं उठते ।